# मध्यान्तर का समय
# जनरल लिंडन बकिंघम द्वारा नए साल पर चिन्तन

इस संक्षिप्त चिंतन को लिखते समय मैं क्रिसमस और नए साल के बीच के दिनों का आनंद ले रहा हूं। यह छुट्टियों का समय है और गति सामान्य से बहुत धीमी है। मैं सुंदर, हरी-भरी पहाड़ियों को देख रहा हूं और यह बहुत खामोश और शांतिमय है। मैं अपने मन और शरीर को 'आआआआहह' कहते हुए महसूस कर सकता हूँ। हे परमेश्वर, इन आराम और तरो-ताज़गी के दिनों के लिए धन्यवाद।

चिंतन करने के लिए यह बहुत उचित समय है। मैं परमेश्वर के अनुग्रह, दया और प्रेम के लिए धन्यवाद देता हूं जो उसने मेरे जीवन और परिवार में बनाए रखे हैं। वह अपने वायदों के प्रति सच्चा है और मैं इसे स्वीकार करता हूँ। मैं 2023 की समस्त घटनाओं में उसके महान हाथ को देख सकता हूं। मैं चुनौतियों और संभावनाओं से भरे सम्पूर्ण वर्ष के दौरान उसके निरंतर अनुग्रह के प्रभाव को बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार करता हूं। परमेश्वर भला है। मैं प्रार्थना की शक्ति, परमेश्वर के वचन की अहमियत और उसके लोगों के साथ संगति करने के आनन्द पर विचार करता हूं। मुक्ति फ़ौज में अपनी सेवकाई के माध्यम से मैं परमेश्वर के उद्देश्य में शामिल होने के सुअवसर को पहचानता हूं। मैं दुनिया भर में मुक्ति फ़ौज के सेवाकार्य के असर के लिए भी धन्यवाद देता हूं। मैं विश्व स्तर पर मुक्ति फौजियों का आभारी हूं जिन्होंने 2023 के दौरान अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी ईमानदारी से सेवा की है। आपकी वफादारी और समर्पण मेरे लिए प्रेरणा है। और यह हमारे संसार में भी बड़ा फर्क लाता है।

यह मध्यान्तर का समय नए साल के बारे में कुछ सोचने को प्रेरित करता है। मैं जानता हूं कि ऐसे कई लोग हैं जो इस वर्ष का सामना कुछ हद तक चिंता, भय और अनिश्चितता के साथ करेंगे। इस समय में दुनिया बहुत परेशान है। सारी खबरें ऐसी रिपोर्टों से भरी रहती हैं जो हमारी चिंताएं बढ़ाती हैं और हमें सोचने पर मजबूर करती हैं कि यह आनेवाला वर्ष हम सभी के लिए क्या लेकर आएगा।

मैं 2024 को अपनाने की तैयारी करते समय कुछ आयतों पर विचार कर रहा हूं, जो मेरे विश्वास को बढाती हैं और प्रेरित करती हैं।

सफन्याह 3:17 (BSI पुराना हिंदी संस्करण): ' तेरा परमेश्वर यहोवा तेरे बीच में है, वह उद्धार करने में पराक्रमी है; वह तेरे कारण आनन्द से मगन होगा, वह अपने प्रेम के मारे चुपका रहेगा; फिर ऊँचे स्वर से गाता हुआ तेरे कारण मगन होगा। '

विलापगीत 3:22-23: ' हम मिट नहीं गए; यह यहोवा की महाकरुणा का फल है, क्योंकि उसकी दया अमर है। प्रति भोर वह नई होती रहती है; तेरी सच्चाई महान् है। '

यशायाह 41:10: ' मत डर, क्योंकि मैं तेरे संग हूँ, इधर उधर मत ताक, क्योंकि मैं तेरा परमेश्वर हूँ; मैं तुझे दृढ़ करूँगा और तेरी सहायता करूँगा, अपने धर्ममय दाहिने हाथ से मैं तुझे सम्भाले रहूँगा। '

उन वायदों के साथ जिनमें उसकी उपस्थिति, उद्धार, प्रेम, शक्ति और विश्वासयोग्यता शामिल है, मैं नए साल में मिलने वाली चुनौतियों और अवसरों को स्वीकार करने के लिए तैयार हूं। क्या आप तैयार हैं?

हालाँकि दुनिया अनिश्चितता से भरी हो सकती है, लेकिन मुक्ति फ़ौज के रूप में संसार में हमारा मिशन बहुत निश्चित है। आइए हम ऐसे लोग बने रहें जो परमेश्वर से अत्यधिक प्रेम करते हैं, हमेशा उसकी प्रशंसा और उसे धन्यवाद देने

के अवसरों की तलाश में रहते हैं कि वह कौन है और उसने यीशु में हमारे लिए क्या क्या किया है। आइए हममें जो आशा है उसका कारण बताने के लिए हमेशा तैयार रहें। हमें एक विश्व-व्यापी फ़ौज की आवश्यकता है जिसमें ऐसे जोशीले लोग हों जो यीशु द्वारा हमारे जीवन में लाए गए अंतर को बताने के लिए तैयार और इच्छुक हों; उस पर विश्वास करने वाले हर एक के लिए मुक्ति संभव है।

मैं चाहता हूं कि हम दूसरों से प्रेम करके परमेश्वर के प्रति अपने प्रेम का प्रदर्शन जारी रखें, विशेषकर उन लोगों के साथ जिन्हें प्रेम नहीं किया जाता, जो कमजोर हैं और वे जो समाज के हाशिए पर धकेल दिए गए हैं। दूसरों की देखभाल करने के तरीके खोजना परमेश्वर के राज्य के मूल्यों का एक व्यावहारिक प्रदर्शन करना है।

मैं सभी को 2024 में अपनी शिष्यत्व यात्रा में, अपने जीवन के हर क्षेत्र में पवित्रता का अनुसरण करते हुए, बहुत सोच-समझ कर चलने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। आपके पवित्र जीवन का आपके आस-पास के लोगों पर पड़ने वाली शक्ति और प्रभाव को कम न समझें। परमेश्वर की महिमा के लिए और संसार में मसीह की सुगंध बनने की सच्ची इच्छा के साथ जीया गया जीवन बेशक प्रभाव डालेगा। हमारा व्यक्तिगत योगदान कम हो सकता है, लेकिन सामूहिक प्रभाव महत्वपूर्ण हो सकता है और होगा।

दुनिया को हमारे योगदान की आवश्यकता है। हम संख्या में कम हो सकते हैं, लेकिन जब हम अपने मिशन के बारे में स्पष्ट होंगे, पवित्र आत्मा से सशक्त होंगे और इसमें शामिल होने के इच्छुक होंगे तो हम भलाई के लिए एक ताक़तवर फ़ौज बन सकते हैं और बनेंगे। आपकी गतिविधि या योजना में मैं भी शामिल हूँ!

आप सब पर परमेश्वर का अनुग्रह और शांति बहुतायत से हो।

परमेश्वर आपको आशीष दे।

**लिंडन बकिंघम**
**जनरल**